# नैया मंझधार है | by Aditi Bansal

नैया मझधार है जाना उस पार है
मेरी नैया का मेरा बाबा खेवनहार है
नैया मझधार है .........

जो जैसे भाव है लाता ये वैसा ही फल देता
पल में झोली भर देता बदले में कुछ ना लेता
प्रेमी पे बाबा तेरे कितने उपकार हैं
मेरी नैया का मेरा बाबा खेवनहार है
नैया मझधार है .........

दुनिया से जो हारा ये देता उसे सहारा
लाखों भक्तों का जीवन इसने पल भर में संवारा
जो चाहो मांग लो जितनी दरकार है
मेरी नैया का मेरा बाबा खेवनहार है
नैया मझधार है .........

जो दुनिया के ठुकराए ये उनको गले लगाए
आँखों के आंसू पोछे और सिर पर हाथ फिराए
गिरते को थाम ले ऐसी सरकार है
मेरी नैया का मेरा बाबा खेवनहार है
नैया मझधार है .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%9d%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-aditi-bansal/